भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 412**
उत्तर देने की तारीख : 05.12.2023

**दिव्यांग छात्रों को मुफ्त कोचिंग**

412. श्री सय्यद ईमत्याज जलीलः
क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार ने दिव्यांग छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान करने के लिए छात्रवृत्ति योजना की शर्तों में संशोधन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) दिव्यांग छात्रों को मुफ्त कोचिंग प्रदान कर रहे कोचिंग संस्थानों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान कितने छात्रों ने दिव्यांग छात्रों हेतु मुफ्त कोचिंग योजना का लाभ उठाया है?

**उत्तर**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क) और (ख): 'दिव्यांग छात्रों के लिए नि:शुल्क कोचिंग' योजना के दिशानिर्देशों को पुन: तैयार किया गया है जो 01.04.2023 से लागू हैं। इस योजना का उद्देश्य बेंचमार्क दिव्यांगता (न्यूनतम 40% दिव्यांगता वाले) वाले छात्रों को सरकारी नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं में उपस्थित होने और विभिन्न व्यावसायिक एवं तकनीकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने में सक्षम बनाने के लिए नि:शुल्क कोचिंग सुविधाएं प्रदान करना है। पुनर्निर्मित योजना निम्नलिखित कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से कार्यान्वित की जाती है: -

(i) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत डॉ. अंबेडकर फाउंडेशन (डीएएफ) द्वारा कार्यान्वित सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग की नि:शुल्क कोचिंग योजना के तहत पैनलबद्ध केंद्रीय विश्वविद्यालय/संस्थान

(ii) दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत राष्ट्रीय संस्थान / समेकित क्षेत्रीय केंद्र।

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी भी छात्र ने इस योजना का लाभ नहीं उठाया है।

*****